प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 101- U074647

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2024

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**G**

( ANNUAL / वार्षिक )

## HINDI ( MT )

## मातृभाषा हिन्दी

विषय कोड :
Subject Code : **101**

| | |
|---|---|
| कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 32 |
| **Total Questions : 100 + 6 = 106** | **Total Printed Pages : 32** |
| ( समय : 3 घंटे 15 मिनट ) | ( पूर्णांक : 100 ) |
| [ Time : 3 Hours 15 Minutes ] | [ Full Marks : 100 ] |

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिए गये सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिन से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। **50 × 1 = 50**

1. बिरजू महाराज का जन्म लखनऊ के किस अस्पताल में हुआ ?

(A) मेदांता (B) शुभम

(C) मिडलैंड (D) जफरीन

2. लैटिन कवि वर्जिल पर किसने एक बड़ी अच्छी कविता लिखी थी ?

(A) अंग्रेज कवि टेनीसन (B) हिंदी कवि प्रेमघन

(C) गुरु नानक (D) रेनर मारिया रिल्के

3. 'सिक्थक' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) पानी (B) रंग

(C) मोम (D) नाखून



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

4. 'दही वाली मंगम्मा' शीर्षक कहानी किस कहानी से साभार ली गयी है ?

(A) 'गुजराती कहानियाँ' से (B) 'तमिल कहानियाँ' से

(C) 'उड़िया कहानियाँ' से (D) 'कन्नड़ कहानियाँ' से

5. अवलूर के पास किसी गाँव की रहनेवाली निम्न में से कौन है ?

(A) मंगम्मा (B) लेखक

(C) लक्ष्मी (D) मुखिया

6. बारिश होते देख किसे लग रहा था जैसे इस बार भी बाढ़ आयेगी ?

(A) रानी को (B) लक्ष्मी को

(C) आरती को (D) राधा को

7. 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का क्या नाम है ?

(A) ईश्वर पेटलीकर (B) श्रीनिवास

(C) सातकोड़ी होता (D) सुजाता

8. तीन गोरे निष्णात डॉक्टरों ने एकमत होकर मंगु के पागलपन का क्या निदान प्रकट किया ?

(A) इलाज संभव है (B) कुछ कहा नहीं जा सकता

(C) पागलपन मिटाना संभव नहीं (D) इलाज की आवश्यकता नहीं है



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

G

9. मंगु किस समय से पागल थी ?

(A) जन्म से

(B) एक वर्ष से

(C) तीन वर्ष से

(D) दो वर्ष से

10. लेखक सुजाता रचित कहानी का नाम क्या है ?

(A) माँ

(B) नगर

(C) ढहते विश्वास

(D) धरती कब तक घूमेगी

11. 'संग्रह' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) स

(B) सम्

(C) स

(D) संग

12. 'समाह' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) समाहित

(B) समाहु

(C) सामाहिक

(D) समाही

13. 'दर्शनीय' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) य

(B) नय

(C) नीय

(D) अनीय



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

14. 'शरणागत' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष समास (B) द्वंद्व समास

(C) बहुव्रीहि समास (D) अव्ययीभाव समास

15. 'ध्यान में मग्न ( साधक )' - यह कौन पदबंध है ?

(A) संज्ञा-पदबंध (B) विशेषण-पदबंध

(C) सर्वनाम-पदबंध (D) क्रिया-पदबंध

16. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने प्रकार हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

17. 'हमारे जवानों को देखकर दुश्मन भाग गए ।' यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

18. 'माँ ने बच्चे को सुलाया ।' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) अपादान कारक

(C) संबंध कारक (D) कर्म कारक



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

**G**

19. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन मिश्र वाक्य है ?

(A) मैं खाना खा चुका, तब वह आया (B) पानी बरसा

(C) बिजली चमकती है (D) हम खा चुके

20. 'निधड़क' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु समास (B) अव्ययीभाव समास

(C) बहुव्रीहि समास (D) द्वंद्व समास

21. रोन नदी कहाँ है ?

(A) अमेरिका में (B) दक्षिण फ्रांस में

(C) कनाडा में (D) चीन में

22. विनोद कुमार शुक्ल को किस वर्ष साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया

(A) 1989 ई० (B) 1988 ई०

(C) 1990 ई० (D) 1991 ई०

23. झोले में कितनी मछलियाँ थीं ?

(A) दो (B) चार

(C) एक (D) तीन



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

24. "भइया ! मछली अभी कट जाएगी !" – यह किसने पूछा ?

(A) संतू ने (B) भग्गू ने

(C) दीदी ने (D) माँ ने

25. गीतकार गुलजार की कविताओं का संपादन यतींद्र मिश्र ने किस नाम से किया ?

(A) यदा-कदा (B) यार जुलाहे

(C) अनमोल विचार (D) गिरिजा

26. अमीरुद्दीन के बड़े भाई का नाम क्या था ?

(A) अलीबख्श (B) सादिक हुसैन

(C) शम्सुद्दीन (D) मुजफ्फर अली

27. बिस्मिल्ला खाँ कौन-सा वाद्य-यंत्र बजाते थे ?

(A) ढोलक (B) तबला

(C) बाँसुरी (D) शहनाई

28. किस स्थान पर मरण भी मंगल माना गया है ?

(A) काशी में (B) पटना में

(C) राँची में (D) रायपुर में



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

29. गाँधीजी को किसने 'महात्मा' कहा ?

(A) विपिनचंद्र पाल ने

(B) रवींद्रनाथ टैगोर ने

(C) बाल गंगाधर तिलक ने

(D) कस्तूरबा गाँधी ने

30. "कोई संस्कृति इतने रत्न-भण्डार से भरी हुई नहीं है जितनी हमारी अपनी संस्कृति

यह कथन किसका है ?

(A) भीमराव अंबेदकर

(B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(C) महात्मा गाँधी

(D) इनमें से कोई नहीं

31. 'चिंता' किसकी रचना है ?

(A) गुरु नानक

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

(D) अनामिका



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

32. दूर से ही कौन ललकारता' है ? 'एक वृक्ष की हत्या' शीर्षक कविता के अनुसार चिह्नित करें ।

(A) पत्ते (B) फूल

(C) फल (D) वृक्ष

है ।''

33. ''उसका 'ख' खरगोश की खालिस बेचैनी में ।'' – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) अक्षर-ज्ञान (B) हमारी नींद

(C) लौटकर आऊँगा फिर (D) मेरे बिना तुम प्रभु

34. ''मेरे बिना तुम प्रभु'' शीर्षक कविता किसको संबोधित है ?

(A) पड़ोसी को (B) साधु को

(C) भक्त को (D) प्रभु को

35. ''अंगरेजी वाहन, बसन, वेष रीति औ नीति ।'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) स्वदेशी (B) मेरे बिना तुम प्रभु

(C) हिरोशिमा (D) भारतमाता



BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

G

36. एक ध्वनि जब दो व्यंजनों से संयुक्त हो जाए, तब वह क्या कहलाती है ?

(A) युग्मक ध्वनि
(B) संपृक्त ध्वनि
(C) संयुक्त ध्वनि
(D) इनमें से कोई नहीं

37. 'भ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) तालु
(C) ओष्ठ
(D) मूर्द्धा

38. उच्चारण में वायुप्रक्षेप की दृष्टि से व्यंजन के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन
(B) चार
(C) एक
(D) दो

39. 'जगदानंद' शब्द का संधि-विच्छेद निम्न में से कौन है ?

(A) जगत् + आनंद
(B) जगदा + नंद
(C) जग + दानंद
(D) ज + गदानंद

40. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) प्रशंसा
(B) द्रविभूत
(C) अर्चना
(D) निवृत्ति



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

41. 'पेड़ से पत्ते गिरे ।' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदान कारक का
(B) संबंध कारक का
(C) अधिकरण कारक का
(D) अपादान कारक का

42. सर्वनाम के कुल कितने भेद होते हैं ?

(A) छह
(B) सात
(C) आठ
(D) नौ

43. 'ऐसा न हो कि कोई आ जाए ।' यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम
(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) संबंधवाचक सर्वनाम
(D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

44. जो संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा
(B) क्रिया
(C) विशेषण
(D) लिंग

45. 'सेर भर दूध ।' यह किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) गुणवाचक विशेषण
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) प्रविशेषण
(D) परिमाणबोधक विशेषण



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

**G**

46. निम्नांकित वाक्यों में कौन वाक्य अशुद्ध है ?

(A) आप कहाँ पर रह रहे हैं ।

(B) पैदल चलकर आने में देर होना स्वाभाविक था ।

(C) बिना अच्छे वेतन के काम नहीं होगा ।

(D) हमारे प्रदेश की जनता शांत है ।

47. निम्न में तद्भव शब्द कौन है ?

(A) प्रिय (B) मोर

(C) पुष्प (D) चत्वारि

48. बनावट के विचार से शब्द के कितने प्रकार हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) तीन (D) पाँच

49. ऐसे शब्द जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंड सार्थक होते हैं, क्या हैं ?

(A) रूढ़ शब्द (B) मूल शब्द

(C) यौगिक शब्द (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

50. उस शब्दांश या अव्यय को क्या कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है ?

(A) उपसर्ग (B) प्रत्यय

(C) लिंग (D) वचन

51. निम्नलिखित चिह्नों में प्रश्नवाचक चिह्न कौन है ?

(A) ? (B) ।

(C) - (D) ,

52. निम्न भाषाओं में से किस भाषा को देवनागरी लिपि में लिखते हैं ?

(A) अंग्रेजी (B) पंजाबी

(C) बांग्ला (D) हिंदी

53. निम्न में से व्यक्तिवाचक संज्ञा कौन है ?

(A) बहन (B) मित्रता

(C) घर (D) दीवाली

54. 'प्रवेश' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

G

55. 'दाता' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) दाती

(B) दात्री

(C) दातृ

(D) दिति

56. निम्न में से तत्सम शब्द कौन है ?

(A) नीम

(B) कुआं

(C) आम्र

(D) दूध

57. 'भाग्यवान्' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) भागवानी

(B) भाग्यविनी

(C) भाग्यविन

(D) भाग्यवती

58. कारक के कितने भेद होते हैं ?

(A) आठ

(B) छह

(C) सात

(D) पाँच

59. कर्ताकारक की विभक्ति चिह्न क्या है ?

(A) से

(B) ने

(C) को

(D) में



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

G

60. वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) अपादान
(B) संबोधन
(C) कर्म
(D) करण

61. 'इच्छा' शब्द का पर्यायवाची शब्द निम्न में से कौन है ?

(A) प्रसन्नता
(B) अद्भुत
(C) कामना
(D) सहकार

62. 'गृहस्थ' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) स्थावर
(B) शिष्टाचार
(C) त्याज्य
(D) संन्यासी

63. 'जो नहीं हो सकता' के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) असंभव
(B) भावी
(C) अदृश्य
(D) दुराग्रह

64. 'चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) घबराना
(B) बड़ी कोशिश करना
(C) अधिक घमंड करना
(D) अपमानजक बात करना



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

G

65. 'इंद्र' का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

(A) पट
(B) महेंद्र
(C) वसन
(D) चीर

66. 'नमक' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) पाथेय
(B) पाक्षिक
(C) नमकीन
(D) पतित

67. 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है ?

(A) खूब लाभ होना
(B) निरक्षर
(C) तंग करना
(D) श्रेष्ठ समझना

68. 'राम खाता होगा ।' यह किस काल का उदाहरण है ?

(A) सामान्य वर्तमान
(B) संभाव्य वर्तमान
(C) संदिग्ध वर्तमान
(D) पूर्ण वर्तमान

69. 'गिरोह' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) द्रव्यवाचक
(B) भाववाचक
(C) जातिवाचक
(D) समूहवाचक


BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

70. 'गवैया' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) वैया (B) या

(C) ऐया (D) वया

71. भीमराव अंबेदकर किसके प्रोत्साहन पर उच्चतर शिक्षा के लिए न्यूयार्क गए ?

(A) इन्दौर नरेश के (B) बड़ौदा नरेश के

(C) मेवाड़ नरेश के (D) राजकोट नरेश के

72. 'द अनटचेबल्स' किनकी रचना है ?

(A) महात्मा गाँधी की (B) यतीन्द्र मिश्र की

(C) भीमराव अंबेदकर की (D) रामविलास शर्मा की

73. 'विष के दाँत' शीर्षक पाठ किस कहानी संग्रह से लिया गया है ?

(A) जिंदगी और जोंक (B) मौत का नगर

(C) मित्र-मिलन (D) विष के दाँत तथा अन्य कहानियाँ

74. सशक्त कथाकार अमरकांत का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1925 ई० (B) 1922 ई०

(C) 1920 ई० (D) 1923 ई०



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

**G**

75. यह किसने कहा कि – "ग्यारह रुपए साड़ी के खूँट से निकालकर यहीं चारपाई रखे .......... पर वे मिल नहीं रहे हैं ............"?

(A) लेखक की पत्नी ने

(B) रिश्तेदार की पत्नी ने

(C) लेखक की माँ ने

(D) इनमें से कोई नहीं

76. लेखक रामविलास शर्मा को उनकी किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ

(A) निराला की साहित्य साधना

(B) बड़े भाई

(C) भारत की भाषा समस्या

(D) भाषा और समाज

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

77. 'यथेष्ट' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) अधिकार

(B) पर्याप्त

(C) विकास

(D) निराशा

78. रंगकर्म की पत्रिका 'नटरंग' की सम्पादक निम्न में से कौन थीं ?

(A) किरण मजूमदार

(B) लता दत्ता

(C) रश्मि वाजपेयी

(D) वंदना राज

BiharboardQuestionpaper.com



Scanned with CamScanner

G

79. पंडित बिरजू महाराज कानपुर में कितने साल रहे ?

(A) तीन साल

(B) एक साल

(C) साढ़े तीन साल

(D) दो-ढाई साल

80. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना अशोक वाजपेयी की है ?

(A) कविता का जनपद

(B) नौकर की कमीज

(C) सौर मंडल

(D) अक्षर कथा

81. कवि रसखान को 'पुष्टिमार्ग' में दीक्षा किसने दी ?

(A) गोस्वामी विट्ठलनाथ

(B) गोस्वामी पुरुषोत्तम लाल

(C) गोविन्द स्वामी

(D) चतुर्भुजदास

82. किनकी रचनाओं से मुग्ध होकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने कहा था –"इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिन्दू वारिये ।" ?

(A) घनानंद की

(B) रसखान की

(C) सुमित्रानंदन पंत की

(D) रामधारी सिंह 'दिनकर' की



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

C

83. कवि घनानंद का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1687 ई०
(B) 1688 ई०
(C) 1689 ई०
(D) 1690 ई०

84. घनानंद किसके सैनिकों द्वारा मारे गये ?

(A) बहादुरशाह जफर के
(B) औरंगजेब के
(C) जहाँगीर के
(D) नादिरशाह के

85. 'भारत सौभाग्य' नाटक किसकी रचना है ?

(A) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(B) रसखान
(C) घनानंद
(D) कुँवर नारायण

86. "मनुज भारती देखि कोउ, सकत नहीं पहिचान" –यह पंक्ति किस कविता से है ?

(A) भारतमाता
(B) स्वदेशी
(C) अक्षर ज्ञान
(D) हमारी नींद

87. बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' ने किस मासिक पत्रिका का संपादन किया ?

(A) सरस्वती
(B) इन्दु
(C) आनंद कादंबिनी
(D) हिन्दी प्रदीप



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

88. 'ग्राम्या' किसकी रचना है ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) घनानंद

(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (D) सुमित्रानंदन पंत

89. सुमित्रानंदन पंत के पिता का नाम क्या था ?

(A) गंगादत्त पंत (B) हरिदत्त पंत

(C) हरिशरण दत्त पंत (D) शिवदत्त पंत

90. रामधारी सिंह 'दिनकर' के पिता का नाम क्या था ?

(A) शिवराज सिंह (B) रवि सिंह

(C) काशीनाथ सिंह (D) रामराज सिंह

91. "मदुरै पांडिय लोगों की दूसरी राजधानी है ।" – यह कहाँ लिखा हुआ है ?

(A) हिन्दी काव्य में (B) अंग्रेजी नाटक में

(C) तुलनात्मक व्याकरण में (D) तमिल उपन्यास में

92. पाप्पाति बेहोश-सी क्यों पड़ी थी ?

(A) गिर जाने के कारण (B) चोट लगने के कारण

(C) डर के कारण (D) बुखार की तेजी के कारण



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

G

93. "मां को रखने का ठेका सिर्फ उसी ने तो नहीं ले रखा है ।" - यह किसने कहा ?

(A) कैलास ने
(B) नारायण ने
(C) बिजू ने
(D) इनमें से कोई नहीं

94. 'नानकाना साहब' अब कहां है ?

(A) हिन्दुस्तान में
(B) पाकिस्तान में
(C) नेपाल में
(D) कजाकिस्तान में

95. 'सोहिला' किनकी रचना है ?

(A) अनामिका की
(B) जीवनानंद दास की
(C) गुरु नानक की
(D) घनानंद की

96. सिखों के पांचवें गुरु कौन थे ?

(A) गुरु नानक
(B) गुरु अंगद
(C) गुरु अमरदास
(D) गुरु अर्जुनदेव



BiharboardQuestionpaper.com



Scanned with CamScanner

97. "कुंड कमंडल सिखा सूत धोती तीरथ गवनु अति भ्रमनु करै ।" यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से उद्धृत है ?

(A) राम नाम बिनु बिरथे जगि जनमा (B) स्वदेशी

(C) भारतमाता (D) जनतंत्र का जन्म

98. गुरु नानक के किस पद में राम-नाम के कीर्तन पर बल दिया गया है ?

(A) द्वितीय पद (B) प्रथम पद

(C) तृतीय पद (D) इनमें से कोई नहीं

99. 'पिछानी' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) उपाय (B) सोना

(C) पहचानी (D) जीव

100. निम्न में से कौन कवि पठान राजवंश में उत्पन्न हुए थे ?

(A) गुरू नानक (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (D) रसखान



बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner